महानिदेशक महोदय का नव वर्ष पर संदेश

मेरे प्रिय बल सदस्यगण,

नव वर्ष के शुभारंभ पर, मैं आपकी उत्कृष्ट सेवा और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए आपकी प्रशंसा करता हूँ।

प्रति दिन, भारत के उत्थान और विकास के लिए महत्वपूर्ण संपत्तियों की सुरक्षा करते हुए आप असाधारण साहस और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हैं। हवाई अड्डों और बंदरगाहों से लेकर औद्योगिक परिसरों और सरकारी भवनों तक, आपकी सतर्कता राष्ट्र की प्रगति में योगदान देती है। याद रखिए, नियमित कर्तव्य पालन भी राष्ट्र की सुरक्षा में योगदान देता है।

हमारे सामने आने वाली चुनौतियाँ तेजी से बहुआयामी और गतिशील होती जा रही हैं। हमें विश्व स्तरीय सुरक्षा समाधान प्रदान करने के लिए नए ज्ञान/कौशलों को आत्मसात करते हुए अनुकूलनशील और नवोन्मेषी बने रहना चाहिए। आइए, हम उत्साह की भावना और उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता के साथ नए साल का स्वागत करें। जैसा कि कहावत है, "एक शांत समुद्र कभी कुशल नाविक नहीं बनाता"। मैं सभी अधिकारियों और जवानों से अपील करता हूँ कि वे अपने समक्ष आने वाली चुनौतियों का साहस और दृढ़ संकल्प के साथ सामना करें।

मुझे इस असाधारण बल का नेतृत्व करने पर बहुत गर्व है। आइए, हम सब मिलकर उत्कृष्टता के लिए प्रयास करना जारी रखें और सीआईएसएफ को अत्याधुनिक सुरक्षा समाधान प्रदान करने वाला एक अग्रणी बल बनाएँ।

आपको और आपके प्रियजनों को एक खुशहाल व स्वस्थ नव वर्ष की शुभकामनाएँ।

जय हिंद!

(राजविंदर सिंह भट्टी)
महानिदेशक